नईदुनिया

शुद्ध होली-सुरक्षित इंदौर अभियान: नकली होने की आशंका में 209 किलोग्राम पनीर जब्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर। होली त्योहार को दृष्टिगत खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के तीन दल गठित किए गए हैं। जिनके द्वारा सतत रूप से प्रभावी कार्रवाईयां की जा रही हैं। गुरुवार को तेजाजी नगर, खंडवा रोड इंदौर स्थित नव शक्ति डेरी एंड स्वीट्स का औचक निरीक्षण दल द्वारा किया गया। मौके पर श्री विशाल गौड प्रोपराइटर प्रतिष्ठान का संचालन करते हुए मिले। प्रतिष्ठान में पनीर, मावा, घी, मिठाइयां आदि का निर्माण एवं विक्रय किया जाना पाया गया।

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/indore-suddh-holi-surakshit-indore-campaign-209-kg-of-paneer-seized-on-suspicion-of-being-fake-8427894